Class - 6
Subject - HINDI
पाठ – 3 संकल्प

1. शब्दार्थ :–

वजह – कारण
संकीर्ण – छोटे
संकल्प – निश्चय
खाद्य – खाने योग्य
दुर्गति – विनाश, बरबाद होना
दृढ़ता – मजबूती

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. प्लेट में जूठन क्यों नहीं छोड़ना चाहिए?
उत्तर प्लेट में जूठन छोड़ने से भोजन की बरबादी होती है। इसलिए प्लेट में जूठन नहीं छोड़ना चाहिए।
ख. बच्चे जन्मदिन पर मस्ती के नाम पर क्या–क्या करते हैं?
उत्तर बच्चे जन्मदिन पर मस्ती के नाम पर खाद्य पदार्थ की बरबादी करते हैं।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. माधुरी केक क्यों नहीं काटना चाहता थी?
उत्तर माधुरी के पिछले जन्मदिन पर समीरा ने उसके बालों और मुँह पर केक मल दिया था। जिससे माधुरी के बाल व कपड़े गंदे हो गए। आधी रात को ठंडे पानी से नहाने के कारण वह कई दिनों तक बुखार से पीड़ित रही। तब से ही माधुरी ने सोच लिया कि अब वह कभी भी अपने जन्मदिन पर केक नहीं काटेंगी।
ख. 'केक से होली खेलना' – इसका क्या अभिप्राय है?
उत्तर केक से होली खेलने का अभिप्राय है – खाना कम और फैलाना ज्यादा अर्थात केक को खाने के बजाय रंग की तरह चेहरे और बालों पर मलना।
ग. यदि प्लेट में कुछ जूठन बच जाए तो क्या करना चाहिए?
उत्तर यदि प्लेट में कुछ जूठन बच जाए तो उसे पशु–पक्षियों के लिए डाल देना चाहिए।
घ. माधुरी ने मनपसंद उपहार के रूप में क्या माँगा था?
उत्तर माधुरी ने मनपसंद उपहार के रूप में अपने दोस्तों से माँगा कि आज के बाद से केक आदि सिर्फ खाएँगे, उसकी बरबादी नहीं करेंगे।

4. मूल्यपरक प्रश्न

माधुरी के जन्मदिन पर सभी लड़कियों ने क्या संकल्प लिया?
उत्तर माधुरी के जन्मदिन पर सभी लड़कियों ने संकल्प लिया कि आज से किसी के जन्मदिन पर हम केक से लीपा–पोती नहीं करेंगे और कोशिश करेंगे प्लेट में जूठन भी न छोड़ें।